**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 28.07.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना एट पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना में वांछित 03 अभियुक्तगणो को घटना में प्रयुक्त एक अदद महिन्द्रा कार व एक अदद तमंचा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 21.07.2025 को वादी श्री मुरारी राजपूत पुत्र स्व0 तुलसीराम ग्राम करगुवां थाना चिरगांव जनपद झांसी द्वारा थाना एट में तहरीर दी गयी कि दिनांक 19.07.2025 को आरोपीगण द्वारा वादी के पुत्र धर्मेन्द्र की हत्या कर दी गयी है । वादी की तहरीर के आधार पर थाना एट पर मु0अ0सं0 121/25 धारा 103(1)61(2)/238/351(2) बीएनएस बनाम 01. सतीश अहिरवार पुत्र गणेश अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी अज्ञात 02. अभिषेक पटेल पुत्र वीरपाल उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम पडरी कोत0 कोंच जनपद जालौन 03. वाहन मालिक सुन्दरम गुप्ता उम्र करीब 48 वर्ष निवासी मनुविहार कालोनी इलाईट जनपद झांसी पंजीकृत किया गया था ।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था । जिनके द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से घटना में संदिग्ध 05 व्यक्तियों 01. राज उर्फ अभय सिंह चंदेल पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम जामू थाना विधनू जनपद कानपुर नगर 02. अंकुर सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासीग्राम जामू थाना विधनू जनपद कानपुर नगर 03. संग्राम सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी ग्राम रमईपुर जनपद कानपुर नगर 04. विनय सिंह पुत्र अखिलेश्वर सिंह निवासी ग्राम जामू थाना विधनू जिला कानपुरनगर 05. सत्यम सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम जामू थाना विधनू जिला कानपुर नगर को चिन्हित किया गया था ।

पुलिस टीमों द्वारा घटना के सफल व शीघ्र अनावरण हेतु निरन्तर भरसक प्रयास किये जा रहे थे जिसके फलस्वरूप दिनांक 28.07.2025 को थाना एट पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम विलाया से मुकदमा उपरोक्त में चिन्हित अभियुक्तागण 01. संग्राम सिंह भदौरिया पुत्र सुरेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी 92/1722 संजय गांधीनगर नौबस्ता थाना नौबस्ता जिला कानपुर नगर हालपता रमई पुर रामलीला मैदान थाना बिधनू जिला कानपुर नगर 02.अंकुर सिंह चन्देल पुत्र राजेश सिंह चन्देल निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जिला कानपुर नगर 03.राज सिंह चन्देल पुत्र राजेश सिंह चन्देल निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जिला कानपुर नगर को घटना में प्रयुक्त एक अदद महिन्द्र कार व एक अदद तमन्चा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

अन्य दो वांछित अभियुक्तगण विनय सिंह व सत्यम सिंह को शीघ्र ही गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अब तक विवेचना में निरीक्षण घटनास्थल एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपीगण 1. सतीश अहिरवार उपरोक्त 2. मुंशी अभिषेक पटेल उपरोक्त 03. वाहन मालिक सुन्दरम गुप्ता उपरोक्त द्वारा अपराध करना नहीं पाया गया नामजदगी गलत पायी गयी । अत: उपरोक्त अभियोग में धारा 61(2)/238/351(2) बीएनएस का अपराध होना नहीं पाया गया उक्त धाराओं का लोप किया जाता है । मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस व 3/25/35 आर्म्स एक्ट का होना पाया गया । अग्रिम विवेचना अन्तर्गत धारा 103(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/35 आर्म्स एक्ट मे सम्पादित होगी ।

**पूंछतांछ का विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा पूंछतांछ में बताया कि हम लोग दिनांक 18/19.07.2025 को महिन्द्रा XUV 3XO कार से जा रहे थे तभी एट के पास दो ट्रक अगल-बगल चल रहे थे हम लोगों द्वारा डीपर व हार्न देने पर भी नही हट रहे थे। विनय सिंह चन्देल तमन्चा लिये था हम लोगों के द्वारा उकसाने पर विनय ने अपने तमन्चे से ड्राइवर को गोली मार दी थी। आज हम लोग उक्त गाड़ी से घटना की जानकारी करके औरैया की ओर जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा अचानक गाड़ी रोककर हम लोगों को पकड़ लिया गया।

**अभियुक्तगण का विवरण-**

**1-** संग्राम सिंह भदौरिया पुत्र सुरेन्द्र सिंह भदौरिया उम्र करीब 24 वर्ष निवासी 92/1722 संजय गांधीनगर नौबस्ता थाना नौबस्ता जिला कानपुर नगर हालपता रमई पुर रामलीला मैदान थाना बिधनू जिला कानपुर नगर

**2-** राज सिंह चन्देल पुत्र राजेश सिंह चन्देल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जिला कानपुर नगर

**3-** अंकुर सिंह चन्देल पुत्र राजेश सिंह चन्देल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जिला कानपुर नगर

**बरामदगी का विवरण-**

**1-** एक अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद खोखा कारतूस

**2-** एक अदद XUV 3XO महिन्द्रा कार

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 एट मय पुलिस टीम।
2. एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन